दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स

PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 | अंक : 42 | जयपुर, शनिवार, 13 सितम्बर 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4


राष्ट्रपति ने सी. पी. राधाकृष्णन को भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में पद की शपथ दिलाई

## सी.पी. राधाकृष्णन ने भारत के 15वें उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के रूप में शपथ ली



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

सी.पी. राधाकृष्णन ने आज भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सी.पी. राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। राधाकृष्णन इससे पहले महाराष्ट्र के राज्यपाल थे। शपथ ग्रहण करने के बाद, सी.पी. राधाकृष्णन ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि दी। राधाकृष्णन इससे पहले महाराष्ट्र के राज्यपाल थे। शपथ ग्रहण करने के बाद, सी.पी. राधाकृष्णन ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सदैव अटल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित स्मारक पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय और किसान घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

“ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सी. पी. राधाकृष्णन को भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में पद की शपथ दिलाई।

■ **सी.पी. राधाकृष्णन का संक्षिप्त परिचय**

**1. शैक्षिक एवं पेशेवर पृष्ठभूमि**

**4 मई 1957 को तमिलनाडु के तिरुपुर में जन्मे, चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। आरएसएस के स्वयंसेवक के रूप में शुरुआत करके, वे 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने। सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करने से पहले, राधाकृष्णन का एक वस्त्र निर्यातक के रूप में एक लंबा और सफल करियर रहा।**

### संसदीय एवं सार्वजनिक जीवन

वर्ष 1996 में, सी.पी. राधाकृष्णन को तमिलनाडु भाजपा का सचिव नियुक्त किया गया। वे 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए और 1999 में पुनः निर्वाचित हुए। एक सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, वे वस्त्र संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष रहे। वे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) से संबंधित संसदीय समिति और वित्त संबंधी परामर्शदात्री समिति के सदस्य भी रहे। इसके अलावा, वे स्टॉक एक्सचेंज घोटाले की जांच करने वाली संसदीय विशेष समिति के सदस्य भी रहे।वर्ष 2004 में, राधाकृष्णन ने संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। वे ताइवान का दौरा करने वाले पहले संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी थे। वर्ष 2004 से 2007 के बीच, राधाकृष्णन तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे। इस पद पर कार्य करते हुए, उन्होंने 19,000 किलोमीटर की 'रथ यात्रा' की, जो 93 दिनों तक चली। यह यात्रा भारत की सभी नदियों को जोड़ने, आतंकवाद के उन्मूलन, समान नागरिक संहिता को लागू करने, अस्पृश्यता निवारण और नशीले पदार्थों के खतरे से निपटने जैसी उनकी मांगों को रेखांकित करने हेतु आयोजित की गई थी। उन्होंने विभिन्न उद्देश्यों के लिए दो अतिरिक्त पदयात्राओं का भी नेतृत्व किया। वर्ष 2016 में, राधाकृष्णन को कोच्चि स्थित कॉयर बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वे चार वर्षों तक इस पद पर रहे। उनके नेतृत्व में, भारत से होने वाला कॉयर का निर्यात 2,532 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2020 से 2022 के दौरान, वे केरल में भाजपा के अखिल भारतीय प्रभारी रहे। 18 फरवरी 2023 को, राधाकृष्णन को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया। अपने कार्यकाल के पहले चार महीनों में, उन्होंने राज्य के सभी 24 जिलों का दौरा किया और नागरिकों व जिले के अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाला। महाराष्ट्र के राज्यपाल का कार्यभार संभालने के बाद से, राधाकृष्णन ने राज्य भर का व्यापक दौरा किया है ।

“ राधाकृष्णन ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और सुलभता बढ़ाने में गहरी रुचि ली है। उन्होंने जनजातीय कल्याण के क्षेत्र में कई कदम उठाए हैं। इन कदमों का ध्यान उच्च शिक्षा में जनजातीय समुदाय की भागीदारी बढ़ाने पर केन्द्रित है। उन्होंने राज्य द्वारा वित्तपोषित महाराष्ट्र के 29 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ 'स्कूल कनेक्ट' कार्यक्रम की प्रगति पर बारीकी से नजर रखी, जिससे जनजातीय समुदाय की लड़कियों और लड़कों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राधाकृष्णन एक उत्साही खिलाड़ी थे और कॉलेज स्तर पर टेबल टेनिस में चैंपियन तथा लंबी दूरी के धावक भी थे। उन्हें क्रिकेट और वॉलीबॉल का भी शौक था। राधाकृष्णन ने संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्पेन, पुर्तगाल, नॉर्वे, डेनमार्क, स्वीडन, फिनलैंड, बेल्जियम, हॉलैंड, तुर्की, चीन, मलेशिया, सिंगापुर, ताइवान, थाईलैंड, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, इंडोनेशिया और जापान की यात्रा की है।



### सीपी राधाकृष्णन बने देश के 15वें उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ

सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। वे देश के 15 वें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सीपी राधाकृष्णन को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा सहित मंत्रिमंडल के सदस्य मौजूद थे। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू एवं एनडीए के घटक दलों के नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद थे। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह में मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपश्री उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को हराकर जीत हासिल की।

## एक नज़र

### अनुसंधान एवं विकास में सुगमता पर छठी क्षेत्रीय परामर्श बैठक का आयोजन

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) में सुगमता पर छठी परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। इस परामर्श बैठक में भारत के अनुसंधान एवं विकास इकोसिस्टम को दृढ़ बनाने पर गहन चर्चा के लिए संस्थागत प्रमुखों, कुलपतियों और वैज्ञानिक मंत्रालय/विभागों के एक प्रतिष्ठित समूह ने विचार-विमर्श किया।भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए) के अध्यक्ष प्रो. आशुतोष शर्मा और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी ने अपने मुख्य संबोधन में भारत के अनुसंधान परिदृश्य को नए सिरे से परिभाषित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें अनुसंधान एवं विकास में सुगमता को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि यद्यपि भारत में गहन वैज्ञानिक क्षमताएं मौजूद हैं, फिर भी प्रयोगशाला नवाचारों को समाज, उद्योग और बाज़ारों तक शीघ्रता से पहुंचाने के लिए मज़बूत संस्थागत ढांचे, सुव्यवस्थित नियमन और प्रभावी उद्योग संपर्कों की आवश्यकता है।बैठक में तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस बात पर बल दिया कि एक सुदृढ़ अनुसंधान एवं विकास ढाँचा तैयार करना आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि भारत को न केवल नए ज्ञान के सृजन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, बल्कि उसे ऐसी तकनीकों, प्रक्रियाओं और समाधानों में परिवर्तित करना चाहिए जो राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मज़बूत करें। राज्यपाल ने विज्ञान को सामाजिक प्रगति के साथ जोड़ने वाले एक मंच पर विविध हितधारकों को एक साथ लाने के लिए नीति आयोग की पहल की सराहना की।परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अनिल काकोडकर और नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. सारस्वत ने भारतीय विज्ञान एवं अनुसंधान के भविष्य पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने अनुसंधान संस्थानों को उद्योग समूहों, स्टार्टअप्स और सार्वजनिक क्षेत्र के अनुप्रयोगों से जोड़ने वाले अनुवादात्मक मार्गों पर नए सिरे से ध्यान देने का आह्वान किया।

### कोल इंडिया के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अनिवार्य होगा यूनिफॉर्म : रेड्डी




■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

कोल इंडिया के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जल्द ही वर्दी (यूनिफॉर्म) अनिवार्य होगा। इसकी शुरुआत 17 सितंबर 2025 श्रमिक दिवस, विश्वकर्मा पूजा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से होगी। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शुक्रवार को झारखंड की राजधानी रांची में इसकी जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आजादी के बाद पहली बार कोयला खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों के सम्मान और गौरव को बढ़ाने के लिए यूनिफॉर्म लागू किया जा रहा है। यह यूनिफॉर्म कोल इंडिया की ओर से उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कोल माइंस में कार्यरत कर्मचारियों के लिए अनुग्रह राशि (एक्सग्रेशिया) राशि को 15 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये किया गया है। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को मौजूदा जीवन बीमा के अलावा एक करोड़ रुपये का अतिरिक्त बीमा प्रदान किया जाएगा। संविदा कर्मचारियों को भी 40 लाख रुपये का अतिरिक्त बीमा लाभ मिलेगा। रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कोयला क्षेत्र (कोल सेक्टर) में पिछले 11 वर्षों से निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और अर्थव्यवस्था को विश्व में तीसरे स्थान पर ले जाने के लिए कोयला और खान मंत्रालय प्रतिबद्ध है। भारत ने पहली बार एक अरब टन (एक बिलियन टन) कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया है, जिसमें झारखंड का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

### शून्य-अपशिष्ट मत्स्य क्षेत्र और आइसलैंड के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सहयोग से भारत की समुद्री अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत मत्स्य पालन विभाग सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी के नेतृत्व में सचिव-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 10 से 12 सितंबर 2025 तक आइसलैंड के रेक्जाविक की तीन दिवसीय यात्रा की। यात्रा का उद्देश्य रणनीतिक साझेदारी, निवेश संवर्धन और नवोन्?मेष आदान-प्रदान के जरिए मत्स्य और जलीय कृषि क्षेत्र में भारत और आइसलैंड के बीच द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करना है।

यात्रा का उद्देश्य रणनीतिक साझेदारी, निवेश संवर्धन और नवोन्?मेष आदान-प्रदान के जरिए मत्स्य और जलीय कृषि क्षेत्र में भारत और आइसलैंड के बीच द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करना है। डॉ. लिखी ने 11 सितंबर को रेक्जाविक में आइसलैंड महासागर क्लस्टर (आईओसी) के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की, जिसमें भारत में विशेष रूप से शून्य अपशिष्ट मत्स्य उद्योग और जलीय कृषि क्लस्टर विकसित करने में सहयोग पर चर्चा हुई ।

विमर्श में भारत की व्यापक उत्पादन क्षमता के साथ ही आइसलैंड के संवहनीय समुद्री प्रथाओं की तकनीकी क्षमता का लाभ उठाने पर विचार किया गया। दोनों पक्षों ने भारत में आइसलैंड के समुद्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के निवेश अवसरों के साथ ही व्यापार-से-व्यापार (बी2बी) संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के उपायों की चर्चा की। इस क्षेत्र में संधारणीयता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए मछली प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, अन्वेषण क्षमता तथा प्रमाणन में नवाचार सहयोग पर बल दिया गया।

### म्यांमार सेना का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा पूर्वी कमान मुख्यालय, उपहार में दी आईटी लैब उपकरण

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

म्यांमार सेना का एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग पहुंचा। म्यांमार से इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेफ्टिनेंट जनरल को को ऊ, कमांडर बीएसओ-1 ने किया। वहीं, भारत की ओर से पूर्वी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्गा के अनुसार द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने के लिए दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

### सरकार ने फसल वर्ष 2025-26 के मद्देनजर मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अफीम पोस्त की खेती के लिए वार्षिक लाइसेंसिंग नीति की घोषणा की

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

केंद्र सरकार ने आज मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए अफीम पोस्त की खेती के लाइसेंस संबंधी वार्षिक लाइसेंसिंग नीति की घोषणा की। यह नीति 1 अक्टूबर, 2025 से 30 सितंबर, 2026 फसल वर्ष के दौरान जारी रहेगी। नीति की सामान्य शर्तों के अनुसार, इन राज्यों में लगभग 1.21 लाख किसान अफीम की खेती के लाइसेंस प्राप्त करने के पात्र है। यह पिछले फसल वर्ष में जारी किए गए लाइसेंसों की संख्या से 23.5 प्रतिशत अधिक है । इस प्रकार लगभग 15,000 अतिरिक्त किसान इस नीति से जुड़े है, इस प्रकार लगभग 15,000 अतिरिक्त किसान इस नीति से जुड़े है,जिन्हें इस वर्ष अफीम की खेती से लाभ मिलने की उम्मीद है। केंद्र सरकार चिकित्सा और उपशामक देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एल्कलॉइड की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसके साथ ही, आवश्यक मादक औषधियों के उत्पादन हेतु एल्कलॉइड की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से, स्वदेशी और आत्मनिर्भर उपायों के माध्यम से प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने के प्रयास जारी हैं।

#### 'वार्षिक लाइसेंस नीति की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं'

मौजूदा अफीम गोंद उत्पादकों को बनाए रखना जिन्होंने प्रति हेक्टेयर 4.2 किलोग्राम या उससे अधिक औसत मॉर्फिन उपज (एमक्यूवाई-एम) हासिल की है3.0 किलोग्राम से 4.2 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर के बीच मॉर्फिन उपज वाले मौजूदा अफीम गोंद उत्पादक अब पांच साल की लाइसेंस वैधता के साथ, पोस्ता भूसा सांद्रण (सीपीएस) विधि के तहत चीरा लगाए बिना पोस्ता भूसे की खेती करने के पात्र हैं। इसके अलावा, 1995-96 से किसानों की संख्या के कंप्यूटराइजड रिकॉर्ड (डिजिटलीकरण) से समावेशिता बढ़ी है, जिससे पिछले वर्षों के सीमांत किसानों को निर्धारित पात्रता और शिथिल मानदंडों को पूरा करके लाइसेंस प्राप्त करने में मदद मिली है। सरकार का बेहतर प्रदर्शन करने वाले उन किसानों को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव है, जिन्होंने 900 किलोग्राम/हेक्टेयर या उससे अधिक अफीम की उपज प्राप्त की है।









CMYK

## संपादक की कलम से....

# सपनों और बेरोजगारी के बीच युवा पीढ़ी का संघर्ष



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

भारत जैसे विशाल और युवा देश में बेरोजगारी का मुद्दा आज सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बन चुका है। एक ओर देश की आधी से ज़्यादा आबादी युवा है, वहीं दूसरी ओर रोजगार के अवसर सिकुड़ते जा रहे हैं। यही कारण है कि सपनों और वास्तविकता के बीच की खाई दिन-ब-दिन और चौड़ी होती जा रही है। सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में नौकरियों के सीमित अवसर युवाओं की राह कठिन बना रहे हैं। लाखों छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सालों बिताने के बावजूद बहुत से युवाओं को निराशा हाथ लगती है। बेरोजगारी केवल आर्थिक संकट नहीं लाती, बल्कि यह मानसिक तनाव, अवसाद और असुरक्षा की भावना को भी जन्म देती है। सपनों को पूरा करने की चाहत रखने वाले युवा जब असफलता का सामना करते हैं, तो उनका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है। इससे समाज में असंतोष और असुरक्षा की भावना भी पनपती है। बेरोजगारी के इस संकट से निपटने के लिए कौशल विकास, उद्यमिता को प्रोत्साहन और रोजगारपरक शिक्षा की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। सरकार और समाज दोनों को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जहाँ युवा अपने सपनों को हकीकत में बदल सकें। आज का युवा केवल नौकरी चाहता ही नहीं, बल्कि अवसर चाहता है ताकि अपनी क्षमताओं का उपयोग कर सके। अगर सही दिशा और सहयोग मिले तो यही युवा देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। बेरोजगारी की इस जंग को हराकर सपनों को हकीकत बनाना ही आने वाले भारत की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## शिविरों के माध्यम से आमजन को मिलेगा एक ही स्थान पर विभिन्न समस्याओं का समाधान

# नगर निगम ग्रेटर ने किया 15 सितंबर से लग रहे शहरी सेवा शिविर 2025 के शिविरों का कार्यक्रम जारी

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




नगर निगम ग्रेटर द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक शहरी सेवा शिविर 2025 मुख्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व 4 सितंबर 2025 से 13 सितंबर 2025 तक प्री-कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि ''शहरी सेवा शिविर-2025'' मुख्य शिविर के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जायेगा। अभियान के तहत साफ-सफाई स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेच वर्क, सार्वजनिक पार्कों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेन्डिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्राण्ट, कच्ची बस्ती 69ए, कृषि भूमि), भू-उपयोग परिवर्तन, खाँचा भूमि, नामान्तरण, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाईसेन्स, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर रजिस्ट्रेशन, उप-विभाजन-एकीकरण, लीज़ मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना/प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन, एसबीएम 2.0 के अन्तर्गत घरेलू शौचालय निर्माण हेतु आवेदन से संबंधित आदि कार्य किये जायेंगे।

अभियान के तहत नगर निगम ग्रेटर के स्तर पर अभियान की तैयारी, क्रियान्वयन मॉनिटरिंग एवं समीक्षा के लिए नोडल अधिकारी अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार एवं सहायक नोडल अधिकारी उपायुक्त मुख्यालय मुकुट सिंह को नियुक्त किया गया है। समस्याओं को चिह्नित करने एवं प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करने के लिए वार्डवार प्रातः 09:30 बजे से 06:00 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**'शहरी सेवा शिविर-2025 के तहत यहाँ लगाये जायेंगे शिविर'**

**'मालवीय नगर जोन'** 15 सितम्बर 2025 को मालवीय नगर ज़ोन के वार्ड 125 से 132 तक का शिविर सामुदायिक केन्द्र (जेडीए), हरि मार्ग, मालवीय नगर में; 23 सितम्बर 2025 को मालवीय नगर ज़ोन के वार्ड 133, 134, 138, 139, 142, 147, 148, 149 एवं 150 का शिविर जोन कार्यालय, मालवीय नगर में; 29 सितंबर 2025 को मालवीय नगर जोन के वार्ड 135, 136, 137, 140, 141, 143, 144, 145, 146 का शिविर सामुदायिक केन्द्र, 80 फीट रोड, महेश नगर में आयोजित किये जायेंगे।

**'मानसरोवर जोन'** 16 सितम्बर 2025 को मानसरोवर ज़ोन के वार्ड 65, 66, 67, 68, 71, 74, 83 एवं ग्राम पंचायत मुहाना, मदाऊ, गजसिंहपुरा, जगन्नाथपुरा के सम्पूर्ण राजस्व ग्राम क्षेत्र का शिविर आनंद महल मैरिज गार्डन, पत्रकार रोड़, मानसरोवर, 24 सितम्बर 2025 को मानसरोवर ज़ोन के वार्ड 69, 70, 72, 73, 75, 76, 77, 78, 79, 80, 81 एवं 82, 84, 85 का शिविर मानसरोवर जोन कार्यालय में आयोजित किये जायेंगे।

**'मुरलीपुरा जोन'** 17 सितम्बर 2025 को मुरलीपुरा ज़ोन के वार्ड 1 से 7 एवं 12, 13, 14 में शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हरमाड़ा, 25 सितंबर 2025 को मुरलीपुरा जोन के वार्ड सं. 8 से 11 तक व 15 से 20 एवं 25 का शिविर मुरलीपुरा जोन कार्यालय में आयोजित किये जायेंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को होगा पितृ–पुष्टि गायत्री महायज्ञ



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

श्राद्ध पक्ष की अष्टमी तिथि को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गोविंद देवजी मंदिर में स्थित कार्यालय के सामने रविवार (14 सितम्बर) को प्रातः पौने 8 से 10 बजे तक पितृ–पुष्टि गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। वहीं पितृ पुष्टि गायत्री महायज्ञ हवन की सामग्री भी निशुल्क प्रदान की जाएगी। जिनके परिजनों की अष्टमी तिथि का श्राद्ध है वो घर से एक मुट्ठी काते तिल,जौ साबुत चावल ला सकते है। इस सामग्री से पितृ गणों को विशेष आहुतियां दिलवाई जाएगी। जिन लोगों का 14 सितम्बर को जन्मदिन या विवाह दिवस है। उनका यह संस्कार हवन के साथ कराया जाएगा। पितृ पुष्टि गायत्री महायज्ञ में शामिल होने के लिए पंजीयन कराना आवश्यक है। श्रद्धालु अपना निशुल्क पंजीयन करवा सकते है।

### रामचंद्र जी के मंदिर में आज सजेगा श्याम प्रभु का दरबार



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

श्री राधे राधे सेवा परिवार जयपुर का 20 वां वार्षिकोत्सव एवं विराट श्री श्याम भजन रस गंगा का आयोजन आज शाम सात बजे से चांदपोल बाजार के प्राचीन श्री रामचंद्र जी मंदिर में श्याम भजन संध्या के रूप में किया जाएगा। प्रभु श्रीराम के मंदिर में श्याम प्रभु का अलौकिक दरबार सजाया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष प्रतीक गोयल ने बताया कि आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।

**'ये करेंगे श्याम प्रभु का गुणगान'** भजन संध्या में कोलकाता के निहाल ठकराल, धमाल किंग मनीष घीवाल, महेश परमार, अविनाश शर्मा, अभिषेक खंडेलवाल अपनी मधुर वाणी एवं नवीन रचनाओं के माध्यम से श्री श्याम प्रभु की महिमा का गुणगान करेंगे।

### कांस्टेबल भर्ती 2025: उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए आवेदन अब 15 सितंबर से

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल (उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा) भर्ती 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब उत्कृष्ट खिलाड़ी 12 सितंबर की जगह 15 सितंबर 2025 से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसी बदलाव को देखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि को भी 1 अक्टूबर से बढ़ाकर 4 अक्टूबर, 2025 कर दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि कुल 167 पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञप्ति में संशोधन किया गया है। यह निर्णय खिलाड़ियों को आवेदन के लिए पर्याप्त समय देने के लिए लिया गया है।

### क्षितिज मनु बने आईआईआईडी जयपुर चैप्टर के नए चेयरपर्सन

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजस्थान में आर्किटेक्ट और डिज़ाइन कम्युनिटी के विकास के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर्स (आईआईआईडी) जयपुर चैप्टर के क्षितिज मनु बने नए चेयरपर्सन। अगले दो वर्ष (2025-27) तक वो अपनी टीम चेयरमैन इलेक्ट, मनीष ठाकुरिया; वाईस चेयरपर्सन, निखिल तालुका; सेक्रेटरी, शिखा सिंह; कोषाध्यक्ष, अंशुल मोदी; जॉइंट सेक्रेटरी, जूही केडिया का नेतृत्व करते हुए राजस्थान में डिज़ाइन कम्युनिटी के लिए रचनात्मकता, नए विचार और विकास के अवसरों को बढ़ावा देंगे। अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हमारी समिति के प्रत्येक सदस्य में एक चेयरपर्सन की भावना होनी चाहिए। मेरा लक्ष्य प्रत्येक सदस्य को इतनी गहराई से सशक्त बनाना है कि हम सब मिलकर अपने कम्युनिटी के मिशन को पूरी ताकत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ा सकें।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयुर्वेद दिवस पर व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) जयपुर के पंचकर्म विभाग की ओर से 10वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पीजी व पीएचडी.डी. शोधार्थियों में व्यावसायिक व व्यक्तिगत कौशल विकसित करना था। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने संचार कौशल, आत्म-गरूकता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता एवं तनाव प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने प्रतिभागियों को भावनात्मक बुद्धिमत्ता व नेतृत्व कौशल पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भावनाएँ जब समझ कर और सही दिशा में उपयोग की जाएँ, तभी व्यक्ति अपने पेशेवर व व्यक्तिगत जीवन में उत्कृष्टता पा सकता है। समापन सत्र में विभागाध्यक्ष डॉ. गोपेश मंगल ने कहा कि इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यावहारिक दृष्टि से सशक्त बनाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अपनी भावनाओं को समझना और उन्हें सकारात्मक दिशा में प्रयोग करना सीखना चाहिए, तभी हम बेहतर इंसान और पेशेवर बन पाएँगे। प्रोफेसर पुनीत शर्मा ने बताया कि व्यक्तित्व विकास महज बाहरी साज-सज्जा नहीं, बल्कि आंतरिक शक्तियों की पहचान व उन्हें निखारने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, प्रभावी संवाद और आत्मविश्वास सफलता की पहली सीढ़ी है। कार्यशाला में शोधार्थियों द्वारा सक्रिय भागीदारी और उत्साह देखा गया जिसमें नेतृत्व कौशल, टीम वर्क एवं आत्म प्रस्तुति जैसे विषय शामिल किए गए।

# कांग्रेस पार्टी पूरी तरह हाशिए पर, आमजन के बीच जनाधार और राजनीतिक वर्चस्व खो चुकीः मदन राठौड़

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं के हालिया बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब पूरी तरह हाशिए पर चली गई है और अपना जनाधार व राजनीतिक वर्चस्व खो चुकी है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस अपनी विफलताओं से बौखला गई है और अब ओछे व अशोभनीय हथकंडों पर उतर आई है। कभी 'मोदी सरनेम' को लेकर व्यक्तिगत हमले करना, तो कभी प्रधानमंत्री को गालियां देना, कांग्रेस की यही राजनीति रह गई है। राठौड़ ने कहा कि पूर्व में भी ऐसे बयान देने पर खुद राहुल गांधी को न केवल माफी मांगनी पड़ी थी, बल्कि उनके खिलाफ न्यायिक कार्रवाई भी हुई थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस के हालिया सोशल मीडिया पोस्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेसी नेता 'मां' के नाम पर आपत्तिजनक और अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करते है यह अत्यंत निंदनीय और राजनीति की गिरावट का प्रतीक है। कांग्रेस ने बिहार में अपने स्टेट हैंडल पर जो वीडियो अपलोड किया वो बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जब कोई दल पूरी तरह हताश और निराश हो जाता है, तब वह इसी प्रकार की ओछी राजनीति का सहारा लेता है। राठौड़ ने कहा कि भारतीय राजनीति में इतनी गिरावट पहले कभी नहीं देखी गई, जैसी आज कांग्रेस दिखा रही है। जनता सब देख रही है और समय आने पर कांग्रेस को इसका उचित सबक सिखाएगी। कांग्रेस के इन कृत्यों को समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा और जनता इसका करारा जवाब देगी। देश की जनता, विशेषकर बिहार की जनता, आगामी चुनावों में कांग्रेस को पूर्ण रूप से नकारते हुए भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाएगी।

### फेरी लगाकर सामान बेचने वाले 37 संदिग्ध लोग गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर


करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फेरी लगाकर सामान बेचने वाले 37 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 13 चौपहिया वाहन भी जब्त किए गए है। पुलिस उपायुक्त जयपुर( पश्चिम )हनुमान प्रसाद ने बताया कि करधनी थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना इलाके के लालचंदपुरा निवारू रोड स्थित सियाराम मैरिज गार्डन में कुछ संदिग्ध लोग आये हुए है।

जो राजस्थान के बाहर के है और यह लोग गांवो एवं कहानियों में जाकर जय श्री श्याम मार्केटिंग एण्ड सेल्स नाम की कंपनी का महंगी कीमत के सामान का कूपन देकर कूपन को स्क्रेच करवाकर सस्ता प्रोडक्ट देकर आम जनता को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए रूके हुये है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची ।जहां पुलिस को देखकर संदिग्ध लोग अपनी मौजूदगी छुपाते हुए भागने का प्रयास किया । जिनको जाब्ते की मदद से रोक कर कार्रवाई करते हुए उमेश सिंह, गोविंद बंजारा, मानसिंह,भरतलाल मीणा, देवेन्द्र सिंह,नरेश सिंह, जितेन्द्र सिंह, चंद्र सिंह,मनीष कुमार, कपिल कुमार,धन्नी राम, रितेश कुमार, दिलीप सिंह, विकास सिंह, सचिन नायक, अनिरुद्ध, लोकेश, विनय सिंह, अनिल ,मनीष सिंह, मनोज, अनेश, करण सिंह, रोहित, देवकिशन, विपिन कुमार, लवकुश, जितू, ग्रिजेश, सौरभ नायक, स्वतंत्र देव सिंह,अमन सिंह,सलदेव नायक, दीपक सिंह, गौरव सिंह और अजय को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित उत्तर प्रदेश के रहने वाले है। इन लोगों से पूछताछ करने पर सामने आया कि वह गांवो और कॉलोनियों में जाकर जय श्री श्याम मार्केटिंग एण्ड सेल्स नाम की कंपनी का महंगी कीमत का एक कूपन देकर कूपन को स्क्रेच करवाकर सस्ता प्रोडक्ट देकर आम जनता के साथ आर्थिक नुकसान पहुंचा कर संज्ञेय अपराध कारित करने की योजना थी।

## तीन राशियों को मिलेगा सकारात्मक परिणाम

# ग्रहों के राजा सूर्य अपनी राशि सिंह से गोचर कर 17 सितंबर को कन्या राशि में करेंगे प्रवेश

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



ग्रहों के राजा सूर्य अपनी राशि यानी सिंह में गोचर कर रहे हैं। वह 17 सितंबर को देर रात कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। उससे पहले सूर्य नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। सूर्य 13 सितंबर को अपराह्न काल में उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में गोचर करेंगे। पंडित श्रीकृष्ण चंद्र शर्मा ने बताया कि उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के स्वामी स्वयं सूर्य है। इसलिए सूर्य के अपनी राशि से अपने ही नक्षत्र में प्रवेश करने पर उनकी ऊर्जा और भी प्रबल हो जाएगी, जिससे समाज और करियर से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। कुछ राशियों पर भी विशेष रूप से इसका सकारात्मक असर दिखाई दे सकता है।

**'इन राशियों पर नजर आएगा विशेष प्रभाव'** वृषभ राशि- सूर्य का नक्षत्र परिवर्तन आपके लिए शुभ रहेगा। कार्यक्षेत्र में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से किए गए कामों के लिए आपको बड़ा इनाम मिल सकता है। समाज में भी प्रभाव बढ़ेगा, जिससे लोगों पर आपकी बातों का असर अधिक होगा। इस समय बिजनेस करने वालों को खासतौर से अच्छा लाभ मिलेगा। अगर को धन की योजना अटकी हुई थी, तो आर्थिक मामलों में अब सुधार होगा। आप बचत में वृद्धि करने में सफल रहेंगे।

**'कर्क राशि'** कर्क राशि वालों के लिए समय सकारात्मक परिणामों से भरा रहेगा। आपको कला के क्षेत्र में धन कमाने के मौके मिलेंगे। अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के कई अवसर मिलेंगे। आत्मविश्वास बढ़ने से मन प्रसन्न रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्र में नई जान-पहचान बनेगी। धन प्राप्ति के नए-नए स्त्रोत बन सकते हैं। सूर्य के नक्षत्र परिवर्तन से कानूनी मामलों में राहत मिल सकती है। इसके अलावा निवेश या लेन-देन से भी लाभ मिलने की संभावना बनी रहेगी। यह समय आपकी इच्छाओं की पूर्ति करने वाला साबित होगा।

**'सिंह राशि'** सिंह राशि वालों के अटके कार्यों को गति मिलेगी। आप अगर राजनीति में आना चाहते हैं, तो कई अनुभवी लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में लोगों के साथ तालमेल बनाकर काम करने से भी लाभ होगा और आपकी पहचान बढ़ेगी। धीरे-धीरे आत्मविश्वास भी बढ़ता हुआ नजर आएगा। आपकी क्रिएटिविटी की सराहना होगी। विवाह के मार्ग में आ रही बाधाएं भी दूर होंगी। जीवनसाथी के लिए नए कारोबार की शुरुआत भी आप कर सकते हैं। छात्रों को सरकारी नौकरी के क्षेत्र में नया अपडेट मिलेगा।

### जेकेके में सांस्कृतिक सृजन पखवाड़ा के तहत 17 सितम्बर को विभिन्न आयोजन

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान की ओर से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सांस्कृतिक सृजन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। सांस्कृतिक सृजन पखवाड़ा के अंतर्गत जवाहर कला केंद्र (जेकेके), राजस्थान ललित कला अकादमी और राजस्थान उर्दू अकादमी की ओर से रचनात्मक कार्यक्रम किये जा रहे हैं। 17 सितम्बर को अलंकार दीर्घा में प्रदर्शनी लगेगी। इसमें जेकेके और राजस्थान ललित कला अकादमी के संगृहीत चित्र प्रदर्शित किये जाएंगे।इसमें जेकेके और राजस्थान ललित कला अकादमी के संगृहीत चित्र प्रदर्शित किये जाएंगे। वहीं जेकेके और राजस्थान उर्दू अकादमी द्वारा कैलीग्राफी की कार्यशाला लगाई जाएगी। जिसमें 15 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। इसमें खुर्शीद आलम और मुरलीधर अरोड़ा रचनात्मक लेखन के गुर सिखाएंगे, इच्छुक प्रतिभागी गूगल फॉर्म के जरिये ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

# शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से : 9 की जगह 10 दिन के होगे नवरात्रि, माता की दसों दिन अलग-अलग रूपों में होगी पूजा

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होने जा रहे है। इस बार 9 की जगह 10 दिन के होगे। ज्योतिष गणना के अनुसार नवरात्रों की एक तिथि बढ़ना काफी शुभ माना जा रहा है। नवदुर्गा मंदिरों में इस बार शारदीय नवरात्रों की पूजा 10 दिन होगी। इस बार नवरात्रों में तृतीय तिथि दो दिनों 24 और 25 सितंबर तक रहेगी। तिथि बढ़ने के कारण नवरात्रों का समापन दिवस के दिन ही दशहरा मनाया जाएगा। विद्वानों के अनुसार यह पर्व हर दिन विशेष रूप से मनाया जाएगा। माता की दसों दिन अलग-अलग रूपों में पूजा होगी।

ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा के अनुसार शारदीय नवरात्रि आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ 22 सितंबर को देर रात 01:23 मिनट पर होगा, जो 23 सितंबर को देर रात 02:55 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से आरंभ हो रहे है। इसके कारण एक नवरात्रा दिवस बढ़ रहा है। जो 2 अक्टूबर को विजय दशमी यानी दशहरा के साथ समाप्त होगे। हिंदू पंचांग के अनुसार साल में कुल चार नवरात्रि आती हैं, जिनमें से दो गुप्त नवरात्रि और दो प्रमुख नवरात्रि - चैत्र और शारदीय नवरात्रि होती हैं। ज्योतिष विद्वानों के अनुसार गुप्त नवरात्रि तंत्र साधना के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है, जबकि चैत्र और शारदीय नवरात्रि मुख्य रूप से गृहस्थ लोग मनाते हैं। पंडित मूलचंद शर्मा के अनुसार शारदीय नवरात्रि का आरंभ आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होता है। देशभर में इस महापर्व को बड़े धूमधाम और आस्था के साथ मनाया जाता है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा और व्रत का विशेष महत्व होता है।

**'हाथी पर सवार होकर आएगी माता'** पंडित श्री कृष्ण चंद्र शर्मा ने बताया कि इस बार नवरात्र सोमवार से प्रारंभ हो रहे हैं। इसलिए माता दुर्गा का वाहन हाथी रहेगा। पुरातन धार्मिक मान्यता है कि हाथी पर माता का आगमन सुख-समृद्धि, शांति और भरपूर वर्षा का प्रतीक होता है। इससे राज्य और देश में अन्न-धन की वृद्धि और समृद्धि का संकेत मिलता है। जो सभी के शुभ मंगल दायक होगा।इसका मतलब है कि पूरा साल सुख-समृद्धि, सौभाग्य लेकर आने वाला है। इसके साथ ही वर्षा होने के कारण धन धान्य आदि ठीक होगा।

**'अधिक मास के चलते 10 दिन पहले आ रहे है प्रमुख त्यौहार'** वर्ष - 2023 में अधिक मास था और अगला अधिक मास वर्ष 2026 में आएगा। जो 17 मई से 15 जून तक रहेगा। इसी कारण इस बार श्रावण मास 11 जुलाई से शुरू हुआ था। जो 8 अगस्त तक रहा। जबकि गत बार 22 जुलाई से प्रारंभ हुआ था। गत वर्ष की तुलना में इस बार सभी प्रमुख त्यौहार जल्दी आ रहे है। इसमें गणेश चतुर्थी,अनंत चतुर्दशी,सर्व पितृ अमावस्या,नवरात्र ,दशहरा और दीपावली गत वर्ष की अपेक्षा 10 दिन पहले आ रहें है।

**'घटस्थापना का शुभ मुहूर्त'** इस बार नवरात्रि में घट स्थापना का समय सुबह 06:09 से सुबह 08:06 बजे तक रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:49 मिनट से दोपहर 12:38 मिनट तक रहेगा।

### गायत्री परिवार की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सात नवंबर को



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में इस वर्ष भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन आगामी सात नवंबर को किया जाएगा।

गायत्री परिवार राजस्थान के प्रबंधक एवं मुख्य ट्रस्टी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य बालकों के नैतिक–चारित्रिक एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों की गहराई से परिचित कराएगी। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जयपुर जिला संयोजक नवरत्न पूरी ने बताया कि इस परीक्षा के आयोजन के लिए शिक्षा विभाग ने भी विद्यालय प्रधानों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। गायत्री परिवार के कार्यकर्ता विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से समन्वय कर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में इस परीक्षा में सम्मिलित करने का प्रयास कर रहे हैं। परीक्षा समन्वयक गौरी शंकर कुमावत ने जानकारी दी कि इसमें कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थी एवं महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।

कक्षा 5 व 6 के विद्यार्थियों के लिए पुस्तक शुल्क 35 रुपए कक्षा 7 से 12 के लिए 40 रुपए तथा महाविद्यालय स्तर पर 50 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

# राजस्थान पुलिस की ओर से जारी हेल्पलाइन नम्बर से लोगों को मिली राहत

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव शर्मा के निर्देशानुसार नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों और उनके परिजनों के लिए जारी राजस्थान पुलिस की हेल्पलाइन नंबर मददगार साबित हो रहा है, जिससे काफी लोगों को राहत मिली है। इस पहल की काफी सराहना की गई और राजस्थान पुलिस को धन्यवाद दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था अनिल कुमार टांक ने बताया कि इन हेल्पलाइन नंबरों पर कुल 43 व्यक्तियों ने सहायता मांगी। उन्हें ना केवल गंभीरता से सुना गया अपित कुछ ही समय पर उनके द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देकर संतुष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे अभी काठमांडू न आएं। भारतीय दूतावास ने बताया है कि वह संबंधित नागरिकों के साथ निरंतर संपर्क में है तथा सभी को सुरक्षित रूप से स्वदेश लौटने के प्रयास जारी हैं। सूचनाकर्ताओं ने बताया कि उनके परिजन पशुपतिनाथ मंदिर के आसपास स्थित गेस्ट हाउस पर कंपनी की बसों से गए थे, जहां आंदोलनकारियों ने बसों में तोड़फोड़ की। इस स्थिति में फंसे पर्यटकों को हेल्पलाइनों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। राज्य सरकार को सूचना कविताओं की समस्याओं से अवगत कराकर प्रभावित पर्यटकों को बसों व हवाई जहाज द्वारा सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयासों की जानकारी दी गई। भारतीय दूतावास ने पर्यटकों को होटल में ठहराया तथा एयरपोर्ट पर सुरक्षा प्रदान की गई।

जो यात्री बसों से गए थे, वे स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सीमा पार कर भारत लौट रहे हैं। अधिकांश पर्यटकों की वापसी हवाई जहाज और बसों द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। सूचनाकर्ताओं से उनकी समस्याओं बाबत फीडबैक लिया जा रहा है, जिसमें वे पुलिस व सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा कर रहे हैं। सूचनाकर्ताओं ने बताया कि उनका परिजनों से सम्पर्क हो रहा है तथा वे सुरक्षित तरीके से हवाई जहाज अथवा बस द्वारा वापस लौट रहे हैं।उल्लेखनीय है कि नेपाल में विभिन्न कारणों से फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए राजस्थान पुलिस के मुखिया पुलिस महानिदेशक श्री राजीव शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय में एक विशेष सेल स्थापित किया गया है। इसके लिए चौबीस घंटे हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर जारी किए गए। सेल की जिम्मेदारी एसपी कानून एवं व्यवस्था गोवर्धलाल सोकरिया को सौंपी गई, वहीं तीन अनुभवी पुलिस अधिकारियों को राउंड द क्लॉक ड्यूटी पर लगाया गया है। इस पहल से नेपाल में फंसे भारतीय नागरिक और उनके परिजन अब राजस्थान पुलिस की मदद से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

पुलिस प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में दस हजार पदों के लिए पांच लाख से अधिक उम्मीदवार मैदान में, 13 और 14 सितंबर को होगी लिखित परीक्षा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के 10 हजार रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 13 और 14 सितंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 5 लाख 24 हजार 740 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इन पदों में कांस्टेबल सामान्य, चालक, बैंड, पुलिस दूरसंचार और हाल ही में गठित तीन महिला बटालियन अमृता देवी, कालीबाई और पदमिनी देवी के पद शामिल हैं।अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि विज्ञापित पदों के अनुसार कांस्टेबल सामान्य नॉन टीएसपी के 8 हजार 512 पद, टीएसपी के 867, चालक नॉन टीएसपी के 503, टीएसपी के 47 और कांस्टेबल बैंड के 71 पद है। विज्ञापित पदों में 03 नवसृजित आरएसी महिला बटालियन अमृता देवी, कालीबाई व पदमनी देवी के कुल 1 हजार 500 पदों एवं पुलिस दूरसंचार में कांस्टेबल आईटी के 1 हजार 469 पदों को सम्मिलित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा पुलिस विभाग में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है



जिसके अनुरूप ही विज्ञापित पदों में महिलाओं के लिये कुल 3 हजार 303 पद सम्मिलित किये गये है।एडीजी पाण्डेय ने बताया कि 13 सितम्बर को पुलिस दूरसंचार कांस्टेबल व चालक पद के लिए तथा 14 सितम्बर को कांस्टेबल पुलिस, इंटेलिजेंस, आरएसी, एमबीसी के कांस्टेबल सामान्य व चालक पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 13 सितम्बर को लिखित परीक्षा अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक केवल द्वितीय पारी में आयोजित है, जिसमें नौ जिलों के 280 परीक्षा केदो में 1 लाख 5 हजार 846 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जबकि 14 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक पहली पारी में 21 जिलों के 582 परीक्षा केंद्रों पर 2 लाख 9 हजार 987 अभ्यर्थी और अपरान्ह 3 बजे से 5 तक दूसरी पारी में 21 जिलों के 580 परीक्षा केंद्रों पर 2 लाख 8 हजार 907 अभ्यर्थी शामिल होंगे।लिखित परीक्षा के ई-प्रवेश पत्र 11 सितम्बर को अपलोड किये जा चुके है। कांस्टेबल बैंड पद के अभ्यर्थियों के लिये लिखित परीक्षा का प्रावधान नहीं रखा गया है। अभ्यर्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया। इसके अलावा कंट्रोल रूम 24 घण्टे अनवरत कार्यरत है।

**'पारदर्शिता एवं शुचिता के पुख्ता इंतजाम'**

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वी के सिंह लिखित परीक्षा के लिए सभी पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता के लिए काफी व्यवस्थाएं पुलिस विभाग द्वारा की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी से कवर किया जाकर पुलिस मुख्यालय स्तर पर कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसमें लाइव प्रसारण और मॉनिटरिंग के लिए आईटी प्रशिक्षित अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया गया है। परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वारा पर पर अभ्यर्थियों की प्रारम्भिक जांच के लिए पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की टीम एवं एचएचएमडी माध्यम से सघन तलाशी के लिए एजेंसी के प्रतिनिधियों को तैनात किया गया है। परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक जांच उपरांत ही प्रवेश दिया जायेगा। सभी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को निष्प्रभावी करने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर जैमर लगाए गये है।

परीक्षा केन्द्र के अन्दर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को पूर्णरूपेण वर्जित रखा गया है। परीक्षा केन्द्र पर ड्यूटी के लिए नियोजित स्टाफ के लिये पहचान पत्र जारी किये गये है ताकि अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सके। परीक्षा के प्रश्न पत्रों को सुरक्षा और गोपनीयता की दृष्टि से 9 स्तर की पैकिंग में रखा गया है। परीक्षा सामग्री (प्रश्न पत्र इत्यादि) के संग्रहण के लिए बनाये गये अस्थाई ट्रेजरी रूम को सीसीटीवी के कवर किया गया है एवं उसकी सुरक्षा के लिए हथियार बन्द गार्ड तैनात की गई। परीक्षा सामग्री की लोडिंग एवं अनलोडिंग प्रक्रिया को वीडियोग्राफी में कवर किया जा रहा है। जिसकी ऑनलाईन निगरानी पुलिस मुख्यालय स्तर पर भी की जा रही है।

## इंडस्ट्री विजिट में जाने एआई और क्लाउड कम्प्यूटिंग के उपयोग




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

महर्षि अरविंद यूनिवर्सिटी के एमबीए, एमसीए, बीसीए और बीबीए स्टूडेंट्स के लिए राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आर कैट) का औद्योगिक भ्रमण किया गया। आर-सीएटी के एक्सपर्ट्स ने स्टूडेंट्स को छात्रों को इंडस्ट्री में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , डाटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा, ब्लाक चैन टेक्नोलॉजी तथा बिज़नेस एनालिटिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को करियर अवसरों, उद्योग की आवश्यकताओं और कौशल विकास कार्यक्रमों से भी अवगत कराया गया। स्टूडेंट्स ने इस अवसर पर आधुनिक आईटी टूल्स एवं व्यावसायिक नवाचारों की जानकारी भी प्राप्त की एवं अपनी क्रेरीज भी एक्सपर्ट्स से की। यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ. भारत पाराशर ने औद्योगिक भ्रमण को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## मालवीय नगर जोन में जर्जर भवन को किया सीज




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

नगर निगम ग्रेटर के मालवीय नगर जोन में शुक्रवार को भूखण्ड संख्या 676 पुरानी हवेली (रामपुरारूपा जेपी कॉलोनी के पास) को उपायुक्त प्रियवृत्त सिंह चारण के निर्देशन में भवन निर्माण शाखा की टीम एवं सतर्कता शाखा द्वारा जर्जर भवन को खाली करवाकर सीज की कार्रवाई की गई। उपायुक्त प्रियवृत्त सिंह चारण ने बताया कि मालवीय नगर जोन क्षेत्र के भूखण्ड संख्या 676 के जर्जर अवस्था में था जिसके भवन स्वामी को जोन द्वारा नोटिस जारी कर सुनवाई एवं समझाइश की गई परन्तु भवन स्वामी द्वारा भवन को खाली नहीं किया गया। इसलिये कोई भी जनहानि ना हो इसलिये शुक्रवार को टीमों द्वारा इसे सीज किया गया।

## जेवीएनएल कनिष्ठ अभियंता के लिए 17 हजार रुपये की रिश्वत लेता दलाल गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी)की अलवर प्रथम टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए जेवीएनएल कनिष्ठ अभियंता(जेईएन) तेज सिंह के कहे अनुसार उसके दलाल फूलसिंह को परिवादी से 17 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं एसीबी की कार्रवाई की भनक लगने पर जेईएन तेजसिंह मौके से फरार हो गया। जिसकी एसीबी की टीम तलाश कर रही है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी अलवर को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके घर के पास शिवजी का मंदिर है और दस सितम्बर को पिनान जीएसएस का जेईएन तेज सिंह परिवादी के घर आए और उससे कहा कि तुम लोगों ने मंदिर में बिना मीटर के विद्युत का सीधा कनेक्शन कर रखा है। जेईएन तेज सिंह ने परिवादी को साइड में ले जाकर कहा की तुमने मंदिर में चोरी की लाइट लगा रखी है या तो तुम अभी तीस हजार रूपये दो अन्यथा एक लाख रुपये की वीसीआर भर देगे। परिवादी ने जेईएन से कहा कि इस कनेक्शन से उनका कोई लेना देना नहीं है। वह तो मंदिर में आने जाने वालो के लिए लाइट लगा रखी है। घर के इनवर्टर से मंदिर की लाइट को जोड़ रखा है। उनके घर का तो अलग से कनेक्शन ले रखा है। परन्तु जेईएन तेजसिंह ने धमकी दी कि यदि तुम 30 हजार रुपये कल तक नहीं दोगे तो वह एक लाख की वीसीआर भर देगा। जेईएन तेजसिंह ने वीसीआर डर दिखाते हुए पांच हजार रुपये तो उसी समय ले लिए और जाते हुए कहा 25 हजार रुपये नहीं लाया तो वीसीआर भर देगा। उक्त वीसीआर नहीं भरने के नाम पर 30 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी चौकी अलवर प्रथम प्रभारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीएलओ महेन्द्र कुमार ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए आरोपित जेईएन के दलाल फूल सिंह को 17 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

धावास दिगम्बर जै

# हेरिटेज निगम ने बनाई स्वच्छ वार्ड रैंकिंग के लिए वार्ड निरीक्षण और मूल्यांकन कार्य के लिए समिति





■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

शहर में कचरा डिपो को खत्म करने के लिए हेरिटेज निगम की ओर से अनूठे प्रयास किए जा रहे है। कचरा डिपो की सफाई के बाद पुनः वो जगह कचरा मुक्त नहीं हों, इसके लिए हेरिटेज निगम कचरा डिपो वाली जगह को साफ कर रंगीन टायरों से सजाकर पौधरोपण करा रहा है। निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल के इनिशिएटिव पर उपायुक्त स्वास्थ्य युगांतर शर्मा हेरिटेज निगम क्षेत्र में इस अभियान को चला रहे है। इसी अभियान के तहत किशनपोल जोन के चौड़ा रास्ता और किशनपोल बाजार में बने आठ ओपन डिपो को स्थायी रूप से बंद किया गया। इन स्थानों पर रंगीन टायरों के माध्यम से प्लांटेशन कर सौंदर्यीकरण किया गया। साथ ही पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी स्थानीय व्यापारियों को सौंपी गई है।

**'सिविल लाइन ज़ोन ने रेलवे स्टेशन के बाहर से हटाए अतिक्रमण'** वहीं सिविल लाइन ज़ोन की टीम ने वार्ड 36, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, वार्ड 41 के हरिपुरा और वार्ड 39 के एनबीसी के सामने अस्थाई अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान जोन उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा के नेतृत्व में दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटया और फल मंडी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जिन दुकानों के बाहर डस्टबिन नहीं पाए गए, वहां दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश और समझाइश दी गई। इस दौरान जोन उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा के नेतृत्व में दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटया और फल मंडी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जिन दुकानों के बाहर डस्टबिन नहीं पाए गए, वहां दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश और समझाइश दी गई। इसके अलावा ठेला और दुकानदारों के पास पाई गई सिंगल यूज़ प्लास्टिक (पॉलीथिन) को ज़ब्त किया और सभी को इसके उपयोग से बचने के लिए समझाइश दी गई। इस कार्यवाही में वार्ड के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक पप्पू गोयर, स्वास्थ्य निरीक्षक योगेश बेनीवाल, पवन लखन, रवि, सुनील ढलेत, पीआईयू से सूरज कुमार मौजूद रहे।

**'हेरिटेज निगम की स्वच्छ वार्ड रैंकिंग के लिए वार्ड निरीक्षण और मूल्यांकन कार्य के लिए समिति का किया गठन'** वही नगर निगम हेरिटेज की वार्ड रैंकिंग के लिए वार्ड निरीक्षण और मूल्यांकन कार्य के लिए समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य युगांतर शर्मा ने आदेश जारी कर उपायुक्त पशु प्रबंधन सीमा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण वर्मा, उपायुक्त स्वच्छता सर्वेक्षण देवानंद शर्मा, उपायुक्त कार्मिक कविता चौधरी, उपायुक्त स्टोर अनीता मित्तल, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सोनिया अग्रवाल को समिति में शामिल किया है। समिति वार्डो में जाकर सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेगी और आमजन से संवाद कर निगम व्यवस्था का फीडबैक लेगी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर स्वच्छ वार्ड रैंकिंग घोषित की जाएगी।

## पुलिस कांस्टेबल परीक्षाः रेलवे ने किया परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से राजस्थान पुलिस कांस्टेबल परीक्षा 2025 के परीक्षार्थियों की सुविधा के पांच परीक्षा स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही रेवाड़ी-सीकर- रेवाड़ी रेल सेवा का परीक्षा के लिए जयपुर तक अस्थाई विस्तार भी किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 04811/04812, भगत की कोठी (जोधपुर)-खातीपुरा(जयपुर)-भगत की कोठी (जोधपुर) परीक्षा स्पेशल रेलसेवा,गाड़ी संख्या 04811, भगत की कोठी (जोधपुर)-खातीपुरा (जयपुर) परीक्षा स्पेशल रेलसेवा 13 सितम्बर को (01 ट्रिप) भगत की कोठी से 03.40 बजे रवाना होकर 11.20 बजे खातीपुरा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04812, खातीपुरा (जयपुर)-भगत की कोठी (जोधपुर) परीक्षा स्पेशल रेलसेवा 13 सितम्बर को (01 ट्रिप) खातीपुरा (जयपुर) से एक बजे रवाना होकर साढ़े सात बजे भगत की कोठी पहुँचेगी।

**'गाड़ी संख्या 04815/04816, नागौर-खातीपुरा (जयपुर)-नागौर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा'** गाडी संख्या 04815, नागौर-खातीपुरा (जयपुर) परीक्षा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 13 सितम्बर को (01 ट्रिप) नागौर से 5 बजे रवाना होकर 11.50 बजे खातीपुरा (जयपुर) पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04816, खातीपुरा (जयपुर)-नागौर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा 13सितम्बर को (01 ट्रिप) खातीपुरा (जयपुर)से डेढ़ बजे रवाना होकर आठ बजे कानपुर पहुँचेगी।

**'गाडी संख्या 09703/09704, जयपुर-सवाई माधोपुर-जयपुर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा'** गाडी संख्या 09703, जयपुर-सवाई माधोपुर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा 12 सितंबर और 13 सितम्बर को (02 ट्रिप) जयपुर से 22.50 बजे रवाना होकर 01.10 बजे सवाई माधोपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09704, सवाई माधोपुर-जयपुर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा 13 सितम्बर व 14 सितम्बर को (02 ट्रिप) सवाईमाधोपुर से 01.50 बजे रवाना होकर 04.30 बजे जयपुर पहुँचेगी।

**'श्रीगंगानगर - खातीपुरा(जयपुर)-श्रीगंगानगर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा'** गाडी संख्या 04701, श्रीगंगानगर-खातीपुरा( जयपुर) परीक्षा स्पेशल रेलसेवा 13 सितम्बर को (01 ट्रिप) श्रीगंगानगर से 18 बजे रवाना होकर दूसरे दिन 05.30 बजे खातीपुरा (जयपुर) पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04702, खातीपुरा (जयपुर)-श्रीगंगानगर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा 14 सितम्बर को (01 ट्रिप) खातीपुरा (जयपुर)से 16.40 बजे रवाना होकर दूसरे दिन 05 बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी।

**'बीकानेर-चूरू-बीकानेर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा का संचालन'** राजस्थान पुलिस कांस्टेबल परीक्षा 2025 के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बीकानेर-चूरू-बीकानेर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है।

## सबरंग 2025 का पोस्टर लॉन्च, देशभर से हिस्सा लेंगे छात्र

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव सबरंग 2025 का पोस्टर लॉन्च शुक्रवार को किया गया। पोस्टर लॉन्चिंग के दौरान स्टूडेंट्स ने नृत्य, ढोल-नगाड़ों की थाप से लॉन्चिंग कार्यक्रम को यादगार बना दिया, पूरे कैंपस में उल्लास का माहौल रहा। 10 अक्टूबर से होने वाले इस तीन दिवसीय 11 और 12 अक्टूबर आयोजन में प्रतिदिन रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें दर्शकों को सांस्कृतिक विविधता और छात्रों की रचनात्मकता का शानदार संगम देखने को मिलेगा। इस वर्ष के महोत्सव में 20 से अधिक रोमांचक कंपीटीशन होंगे, जिसमें प्रमुख फैशन शो, डांस बैटल, सिंगिंग पैलूज़ा, रैप प्रतियोगिता, बिडिंग बिफोर विकेट्स और कई अन्य मंचीय गतिविधियाँ शामिल होंगी। आयोजन में देश के विभिन्न संस्थानों से बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स शामिल होंगे।इस महोत्सव में विनर्स के लिए 2.50 लाख से अधिक के पुरस्कार रखे गए हैं।

स्टूडेंट अफेयर्स इंचार्ज दीपक सोगानी ने बताया कि इस आयोजन के सफल क्रियान्वय के लिए 300 से अधिक विद्यार्थी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं ताकि सबरंग 2025 को एक ऐतिहासिक अनुभव बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सबरंग केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि जेकेएलयू की जीवंत छात्र संस्कृति और उत्साह का प्रतीक है। पोस्टर लॉन्च आज उस यात्रा की शुरुआत है, जो 10 से 12 अक्टूबर तक पूरे कैंपस को रंगों, संगीत और उमंग से भर देगा।

# आर्मी से रिटायर्ड जवान ने दुनाली बंदूक से की आत्महत्या

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सोडाला थाना इलाके में आर्मी से रिटायर्ड जवान ने लाइसेंसी बंदूक से पेट में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जो एक निजी कंपनी में गार्ड पर कार्यरत था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल स्थाल साक्ष्य जुटाए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में किसी तरह का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि थाना इलाके के हटवाड़ा के लक्ष्मीनगर निवासी भुवनेश जाट (40) आत्महत्या की है,जो मूलतः हिंडौन के बड़खेड़ा के रहने वाले था। भुवनेश जाट आर्मी से रिटायर हुए थे और पत्नी और बेटे के साथ लक्ष्मीनगर में किराए के मकान में कुछ दिन पहले ही रहने आए थे। भुवनेश जाट सी-स्कीम स्थित



गोल्ड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। थानाधिकारी ने बताया कि भुवनेश जाट की पत्नी शुक्रवार सुबह किसी काम से बाहर गई थी और उसका बेटा कंप्यूटर क्लास में गया था। इस दौरान भुवनेश जाट घर पर अकेले था। जिन्होंने कमरा अंदर से बंद कर लिया। खुद की लाइसेंसी बंदूक से पेट में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बंद कमरे से अचानक धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। पड़ोसियों ने कमरे के अंदर जाकर देखने की कोशिश की। लेकिन कमरे के आगे-पीछे के दोनों गेट बंद मिले। कुछ ही देर में उनकी पत्नी और बेटा भी घर आ गए। अनहोनी की आशंका के चलते तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने धक्का देकर गेट खोला। जहां भुवनेश का शव जमीन पर पड़ा हुआ था ।(और उसके पेट में गोली लगी हुई थी। उसकी लाइसेंसी बंदूक पास ही बेड पर पड़ी थी। पुलिस ने तुरंत एफएसएल टीम को बुलाकर मौके से सबूत जुटाए। पुलिस की प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि भुवनेश ने बिस्तर पर एक पैर रखकर अपनी लाइसेंसी बंदूक को पेट पर लगाया। बंदूक का ट्रिगर दबाते ही गोली पेट में लगने से वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने सबूत जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया है।

ब्लूटूथ डिवाइस से नकल कर चयनित हुए दो कनिष्ठ लिपिक गिरफ्तार

# नकल गिरोह के मास्टरमाइंड से दोनों आरोपितों ने किया था पांच–पांच लाख रुपए में सौदा, पिछले छह माह से चल रहे थे दोनों आरोपित फरार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से कनिष्ठ न्यायिक (सहायक लिपिक ग्रेड सेकंड और लिपिक ग्रेड सेकंड) के पदों पर सीधी भर्ती के लिए संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2022 में ब्लूटूथ डिवाइस से नकल कर पास चयनित हुए दो कनिष्ठ लिपिकों को गिरफ्तार किया गया है। एसओजी की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों ही गिरफ्तार आरोपितों ने नकल गिरोह के मास्टरमाइंड से पांच–पांच लाख रुपए में सौदा किया था।

जो पिछले छह माह से फरार चल रहे थे। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि ब्लूटूथ से नकल कर कनिष्ठ लिपिक बनने वाले आरोपी राकेश जाखड़ (24) और ओमप्रकाश जाट (30) को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित कुचेरा





जिला नागौर के रहने वाले है। कनिष्ठ लिपिक राकेश जाखड़ वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-4 उदयपुर के पदस्थापित था।

जो पिछले करीब 8 महीने से स्वैच्छिक रूप से अनुपस्थित होकर फरार चल रहा था। वहीं अन्य आरोपित राकेश जाखड़ का छोटा भाई बीरबल जाखड़ भी इसी परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करके कनिष्ठ लिपिक के पद पर चयनित हुआ था। बीरबल जाखड़ को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपित ओमप्रकाश जाट वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-1 ब्यावर में पदस्थापित था।

वह भी पिछले सात महीने से स्वैच्छिक रूप से अनुपस्थित होकर फरार चल रहा था। कनिष्ठ लिपिक ओमप्रकाश को ईओ–आरओ भर्ती परीक्षा-2022 ब्लूटूथ से नकल कर पास करने के आरोप में एसओजी ने अक्टूबर-2024 में गिरफ्तार किया था।

**'मास्टर माइंड पौरव कालेर से खरीदा था पेपर'** सिंह ने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से कनिष्ठ न्यायिक (सहायक लिपिक ग्रेड सेकेंड और लिपिक ग्रेड सेकेंड) के पदों पर सीधी भर्ती के लिए संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2022 का आयोजन किया गया था। अजमेर के गीत गणपति प्राइवेट आईटीआई में राकेश जाखड़ का परीक्षा सेंटर आया था और वहीं नागौर के गीत श्रीमती रतन बहन राजमल चौधरी राजकीय बालिका सीनियर सैकंडरी स्कूल में ओमप्रकाश का परीक्षा सेंटर था। नकल गैंग के मुख्य आरोपित पौरव कालेर ने मोबाइल के जरिए राकेश जाखड़ और ओमप्रकाश जाट को परीक्षा सेंटर में ब्लूटूथ डिवाइस से प्रश्न-पत्र के उत्तरों की नकल करवाई थी।

नकल करवाने के लिए राकेश जाखड़ और ओमप्रकाश का पांच–पांच लाख रुपए में पौरव कालेर से सौदा तय हुआ था। ब्लूटूथ से नकल कर परीक्षा पास करने पर दोनों कनिष्ठ श्रेणी लिपिक (ग्रेड-द्वितीय) के पद पर चयनित हो गए।

## स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित होंगे स्वास्थ्य शिविर

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी दिनांक 17 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जाएगा। 17 सितम्बर को राष्ट्रीय स्तर पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा इन्दौर (मध्यप्रदेश) से अभियान का उद्घाटन किया जाएगा, जिसका वेबकास्ट जिला एवं ब्लॉक स्तर पर भी किया जाएगा। जयपुर जिले में जिला अस्पताल सहित जयपुर जिले में जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर इस अभियान की गतिविधियों का शुभारम्भ किया जाएगा।कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी रहेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि अभियान के प्रमुख उद्देश्य महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाना, गैर-संचारी रोगों, कैंसर, एनीमिया, टीबी एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग पर फोकस,मासिक धर्म स्वच्छता एवं पोषण को बढ़ावा देना,मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, एएनसी जाँच व टीकाकरण को प्रोत्साहन, रक्तदान शिविरों का आयोजन एवं समुदाय को स्वास्थ्य जागरूकता से जोड़ना रहेगा। जयपुर जिले में शिविरों में महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों के लिए विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। महिला स्वास्थ्य जांच – उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, टीबी, कैंसर (ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्विकल) एवं आदिवासी क्षेत्रों में सिकल सेल जाँच की जाएगी।

# टिटली शिविर 2025: ऐसे शिविर न केवल बच्चों में आत्मविश्वास जगाते हैं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, संस्कार और सामाजिक मूल्यों को भी मजबूत करते हैं :अशोक गहलोत

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर





पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को जवाहर बाल मंच द्वारा आयोजित टिटली 2025 चिल्ड्रन्स नेशनल इंटीग्रेशन कैंप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में देशभर से आए करीब 250 नन्हें प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। गहलोत ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि उनके उत्साह और प्रतिभा को देखकर यह विश्वास और गहरा हुआ है कि यही बच्चे कल के जिम्मेदार नागरिक और देश का बेहतर भविष्य साबित होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर न केवल बच्चों में आत्मविश्वास जगाते हैं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, संस्कार और सामाजिक मूल्यों को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंच पर बच्चों का जोश और ऊर्जा देखकर उपस्थित लोगों ने भी उनकी सराहना की। गहलोत ने आयोजकों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि जवाहर बाल मंच लंबे समय से बच्चों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम योगदान देंगे। टिटली 2025 शिविर का उद्देश्य बच्चों में एकता, अनुशासन और सांस्कृतिक विविधता के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम ने कहा कि बच्चों को वैचारिक तौर पर मजबूत करने के लिए कांग्रेस पार्टी अपने संगठन जवाहर बल मंच के बैनर तले जयपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि सैकड़ो विद्यार्थियों को अलग-अलग क्षेत्र से इस मंच के द्वारा कांग्रेस की रीति नीति, कल्चर का पाठ पढ़ाया जाएगा । उन्होंने कहा कि तितली नाम से 12 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाले शिविर में देश भर से 7 से 18 साल के 300 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। जूली ने बताया कि यह संगठन राहुल गांधी के बेहद करीब है और गांधी के निर्देश पर जयपुर में पहली बार यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के सम्मान में संगठन का नाम जवाहर बल मंच रखा गया है। जवाहर बल मंच बच्चों के बीच आपसी जुड़ाव को बढ़ावा देता है,उन्हें रोचक और मनोरंजन तरीके सीखने में सक्षम बनाता है। जूली ने कहा कि आज देश में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ा जा रहा है,नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है, ऐसे में हम इस शिविर में बच्चों को महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के विचारों से अवगत कराएंगे,जिन्होंने देश की आजादी में अपना किस तरह योगदान दिया, आजादी के बाद भारत के नवनिर्माण में कितनी बड़ी भूमिका पंडित जवाहरलाल नेहरू की रही।

## न्यूज़ ब्रीफ

### उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मी कांस्टेबल ऑफ दी मंथ के अवार्ड से सम्मानित



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने शुक्रवार को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट, सराहनीय, मेहनत, लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मियों को कांस्टेबल ऑफ दी मंथ' के अवार्ड से सम्मानित किया । अगस्त माह 2025 का कांस्टेबल ऑफ दी मंथ पुरस्कार के लिए जिला पूर्व से चिन्हित कांस्टेबल सुभाष चन्द ने पुलिस थाना गांधीनगर क्षेत्र में हुई सागर सिंह का अपहरण व लूट वारदात का पर्दाफाश कर वारदात में शामिल तीनों आरोपितों को गिरफ्तार करवाने में अहम भूमिका निभायी। जिला पश्चिम के कांस्टेबल मुकेश कुमार पुलिस थाना करणी विहार ने मालखाना निस्तारण अभियान के दौरान जप्तशुदा एवं आबकारी अधिनियम मे जप्त माल, एनडीपीएस प्रकरणों मे जब्त माल का निस्तारण कराने एवं पेंटिंग मालखाना मदों का निस्तारण करवाने का सराहनीय कार्य किया है। जिला उत्तर के कांस्टेबल मनोज कुमार पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर ने जैन मंदिर में चोरी करने वाले व भैंस चोरी करने वाले आरोपितों को गिरफ्तार किया। साथ ही नाबालिग बच्चों को दस्तयाब करने व दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में विशेष भूमिका निभायी। जिला दक्षिण के कांस्टेबल राघवेंद्र पुलिस थाना अशोकनगर ने सेन्ट्रल पार्क में अज्ञात चोरों द्वारा एक बुजुर्ग महिला को बेहोश कर उसकी सोने की अंगूठी चोरी करने की वारदात में आसूचना संकलित कर आरोपी को दस्तयाब कराया। इधर कांस्टेबल रोहिताश यातायात शाखा उत्तर ने ड्यूटी जाते समय एक स्कूटी सवार महिला को अज्ञात वाहन चालक द्वारा टक्कर मारकर फरार होने पर कांस्टेबल ने अपनी कार रोककर घायल महिला व दो बच्चों को कार से अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाया तथा महिला के परिजनों को सूचना देकर बच्चों के परिजनों को सुपुर्द करने का उल्लेखनीय कार्य किया है।

### मत्स्य सेवा संवर्ग के विभिन्न पदों पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की बैठक आयोजित

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य अयुब खान की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में मत्स्य विभाग के विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डॉ समित शर्मा, शासन सचिव, मत्स्य विभाग, दिनेश कुमार शर्मा, संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक विभाग एवं संचिता बिश्नोई, निदेशक, मत्स्य विभाग समिति सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। मत्स्य विभाग में मत्स्य राज्य सेवा के संयुक्त निदेशक, उप निदेशक एवं सहायक निदेशक तथा मत्स्य अधीनस्थ सेवा के सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के रिक्त पदों पर वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की रिक्तियों के विरूद्ध पदोन्नति के लिए यह बैठक आयोजित हुई। इस विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में 02 अधिकारियों को संयुक्त निदेशक के पद पर, 03 अधिकारियों को उप निदेशक के पद पर तथा 02 कर्मचारियों को सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया। शासन सचिव, डॉ समित शर्मा ने नव पदोन्नत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुये पूर्ण मनोयोग से अपने नवीन पद का उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

# कांग्रेस का नया सियासी हथियार : गोविन्द सिंह डोटासरा ने की घोषणा, 13 सितंबर से शुरू होगा वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा तथा एआईसीसी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त किए जा रहे बीएलए के कार्य की समीक्षा की तथा जिन विधानसभा क्षेत्रों में बीएलए नियुक्ति शेष है उन विधानसभा क्षेत्रों के विधायक, विधायक प्रत्याशी तथा विधानसभा प्रभारियों से प्रगति का फीडबैक लेकर अगले सात दिवस में कार्य पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, एआईसीसी सचिव व राजस्थान सह प्रभारी चिरंजीव राव, ऋत्विक मकवाना भी शामिल रहे। इस अवसर पर उपस्थित मीडिया को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्तियां की जा रही है और इस कार्यक्रम में अब तक भारतीय जनता पार्टी से अधिक बीएलए कांग्रेस द्वारा प्रदेश में बनाए जा चुके है तथा शेष रहे विधानसभा क्षेत्रों में अगले 7 दिवस में बीएलए की नियुक्तियां पूर्ण कर ली जाएगी एवं समस्त 52000 बूथों पर कांग्रेस पार्टी के बीएलए की नियुक्ति पूर्ण हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के लिए प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिला एवं विधानसभा क्षेत्र स्तर पर अभियान प्रभारी नियुक्त किए है। कल दिनांक 13 सितम्बर, 2025 को प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय इन्दिरा गांधी भवन में प्रातः 11.00 बजे कांग्रेस के अभियान वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की तैयारियों के लिए प्रदेश कांग्रेस के जिला प्रभारियों, जिला कांग्रेस अध्यक्षों एवं अभियान की सफलता को सुनिश्चित करने हेतु नियुक्त अभियान प्रभारियों की बैठक ली जाएगी जिसमें जिले स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाकर हस्ताक्षर अभियान के लिए तयशुदा फार्मेट प्रभारियों को दिए जाएंगे। इसके पश्चात् दोपहर 03.00 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मण्डल/नगर कांग्रेस कमेटी एवं बूथ स्तर पर हस्ताक्षर अभियान हेतु विधानसभा प्रभारियों की बैठक ली जाएगी।बैठक में प्रभारियों को सम्पूर्ण विधानसभा के ब्लॉक, मण्डल, नगर, बूथ स्तर के पदाधिकारियों की सूची सहित दिशा-निर्देशिका एवं दस्तावेज प्रदान कर अभियान के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाएंगे। अभियान के प्रथम चरण में राजस्थान में कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों के हस्ताक्षर लिए जाएंगे, उसके पश्चात् घर-घर जाकर कांग्रेस कार्यकर्ता आमजन के हस्ताक्षर ज्ञापन पर प्राप्त करेंगे जो कि महामहिम राष्ट्रपति एवं चुनाव आयोग को दिया जाएगा।

डोटासरा ने कहा कि जिस प्रकार संगठन सृजन अभियान के तहत् राजस्थान पूरे देशभर में अव्वल रहा है उसी प्रकार वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत् राजस्थान देश में सबसे आगे रहेगा। डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में जिन स्थानों पर सम्पूर्ण निकाय का ब्लॉक अध्यक्ष नहीं है वहां नगर कांग्रेस कमेटी गठित की जा रही है तथा जब नगर निकायों के परिसीमन का गजट नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा उसके सात दिवस में वार्ड कमेटियां गठित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की कार्यवाही प्रारम्भ की गई है उसके लिए जल्द ही कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए ट्रेनिंग कैम्प आयोजित करेगी।

# प्रधानमंत्री मोदी का मणिपुर दौरा और पहले होना चाहिए था : अशोक गहलोत

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 सितंबर को पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर जा रहे हैं, जिसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने औपचारिक करार दिया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री को काफी पहले ही मणिपुर जाकर वहां के लोगों की सुध लेनी चाहिए। लेकिन, अफसोस, उन्होंने आज तक ऐसा करना जरूरी नहीं समझा और अब वो मणिपुर जा रहे हैं।

इससे साफ जाहिर होता है कि उनका दौरा कुछ नहीं, सिर्फ औपचारिकता भर है। मैं समझता हूं कि इस तरह के दौरे को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सिर्फ चार घंटे के लिए मणिपुर जा रहे हैं। मैंने दो महीने पहले गृह मंत्री अमित शाह को कहा भी था कि वे मणिपुर जाएं और वहां की स्थिति के बारे में समझने का प्रयास करें। कांग्रेस नेता ने कहा कि सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि किसी भी राज्य में प्रधानमंत्री के दौरे का बहुत ही महत्व होता है। आज मणिपुर की स्थिति वैश्विक मोर्चे पर चर्चा का विषय बनी हुई है। अब वहां की स्थिति किसी से छुपी हुई नहीं है। वहीं, अब अगर मणिपुर से हिंसा की खबर सामने आई है, तो इससे यह साफ जाहिर होता है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के दौरे का जवाब है। मैं कहता हूं कि अगर प्रधानमंत्री मोदी काफी पहले ही मणिपुर दौरे पर जाते, तो आज इस तरह की स्थिति ही पैदा नहीं होती। लेकिन, यह दुख की बात है कि आज तक प्रधानमंत्री ने कभी भी मणिपुर की स्थिति की सुध लेने की जरूरत नहीं समझी। शायद इसी वजह से वहां के लोगों में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर गुस्सा है। साथ ही, अशोभनीय टिप्पणी के संबंध में सवाल किए जाने पर कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि सभी लोग एक-दूसरे की माता का सम्मान करते हैं। मैं कहता हूं कि निसंदेह राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी की मां का सम्मान करते हैं। f

## 1962-एमवीयू राजस्थान चैटबॉट की देशभर में सराहना

# केंद्रीय पशुपालन राज्यमंत्री ने स्वयं ली टेली कंसलटेंसी -अब देश के अन्य प्रदेश भी इस मॉडल को अपनाएंगे

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल और पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के निर्देशन में पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा संचालित 1962-एमवीयू राजस्थान चैटबॉट को देशभर में सराहना मिल रही है। 22 अप्रेल 2025 से देश में प्रथम बार नवाचार के रूप में 1962-मोबाईल वैटेरीनरी यूनिट कॉल सेंटर के साथ संचालित व्हाट्सएप चैटबॉट '1962-एमवीयू राजस्थान' में वीडियो काल द्वारा केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने टेली कंसलटेंसी सेवा संबंधी जानकारी प्राप्त की। 08 सितंबर-2025 को केंद्रीय राज्यमंत्री बघेल ने आकस्मिक रूप से एमवीयू राजस्थान चैटबॉट पर संपर्क किया। उन्होंने वीडियो कॉल द्वारा टेली कंसलटेंसी सेवा संबंधी जानकारी प्राप्त की। केंद्रीय राज्यमंत्री बघेल ने पशुपालन विभाग राजस्थान के इस नवाचार की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों में विस्तारित करने योग्य बताया। बघेल ने राजस्थान सरकार के इस नवाचार के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के अभिनव प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य राज्यों के लिए भी चैटबॉट मॉडल को अपनाने की बात कही है।

### महाराष्ट्र सरकार अपनाएगी चैटबॉट मॉडल

इससे पूर्व महाराष्ट्र सरकार ने भी राजस्थान के 1962 चैटबॉट मॉडल की सराहना करते हुए इस मॉडल को अपने प्रदेश में अपनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में 4 सितंबर-2025 को कृषि, पशुपालन, डेयरी डवलपमेंट एवं मत्स्य विभाग के उप सचिव एम.बी. माराले ने महाराष्ट्र में संचालित 1962 महापशुधन संजीवनी एप के माध्यम से राजस्थान की तर्ज पर वाटसएप चैटबॉट की सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### क्या है वाट्सएप चैटबॉट सुविधा

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि घर आकर पशुओं का इलाज करने वाली '1962-एमवीयू राजस्थान' से संबंधित वाट्सएप चैटबॉट की सुविधा शुरू की गई है। इस चैटबॉट का नंबर 9063475027 है। इसके माध्यम से लोग तुरंत वैटनरी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसकी मदद से पशुपालक घर बैठे ही मोबाइल पर चैट कर पशु की बीमारी का इलाज जान सकते हैं। इस चैटबॉट द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी, विभागीय संस्थाओं की सूची एवं गूगल मैप पर संस्था की स्थिति के साथ ही टेलीकंसलटेंसी के माध्यम से पशुपालकों को पशु चिकित्सा संबंधी सलाह भी प्रदान की जाती है।

# मुख्यमंत्री शर्मा की पहल पर गांवों में चलेगा जनहित और विकास से जुड़ा विशेष अभियान

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 17 सितंबर (बुधवार) से प्रदेशभर की ग्राम पंचायतों में जनहित और विकास से जुड़े कार्यों द्वारा आमजन को राहत पहुंचाने के लिए ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गांव-गांव में साफ-सफाई, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और आमजन को योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही, सहकारिता से समृद्धि को साकार रूप देने के लिए सहकार सदस्यता अभियान भी शुरू किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविरों का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। प्रतिदिन पंचायत समिति की 2 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा और प्रत्येक पंचायत समिति की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन होने तक अभियान जारी रहेगा। राज्य सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2025 से आयोजित होने वाले सहकार सदस्यता अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले शिविरों का आयोजन भी ग्रामीण सेवा शिविरों के साथ ही किया जाएगा। अभियान की शुरूआत के पहले सप्ताह में बुधवार को भी शिविर आयोजित किये जाएंगे। राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर अभियान की तैयारी, क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला कलक्टर की होगी।

# दीया कुमारी पहुंचीं खोजी पीठ त्रिवेणी धाम शाहपुरा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



शाहपुरा स्थित पावन त्रिवेणी धाम में भगवानदास महाराज का जन्मोत्सव और ब्रह्मलीन पद्म संत नारायणदास महाराज के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय संत अमृत समागम महोत्सव में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शिरकत की। उन्होंने साधु-संतों से आशीर्वाद प्राप्त कर धार्मिक आयोजन की महत्ता को रेखांकित किया तथा सीताराम के दर्शन भी किए। महोत्सव में देशभर से बड़ी संख्या में साधु-संत पधारे। धार्मिक अनुष्ठानों, प्रवचनों और मद् भागवत कथा के माध्यम से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। शनिवार को कथा का विधिवत समापन होना है। उपमुख्यमंत्री ने राम रिछपाल दास महाराज से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में अध्यात्म और संस्कारों की जड़ों को मजबूत करते हैं। त्रिवेणी धाम आकर सदैव गहन आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का अनुभव होता है, जो जन-जन के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने यह भी कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और प्रसार के लिए सभी वर्गों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। नई पीढ़ी अगर गुरुकुलों के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करे तो वह सनातन संस्कृति को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभा सकती है। दीया कुमारी ने कहा कि साधु-संत सदैव समाज का मार्गदर्शन करते हैं और उनका सान्निध्य सभी के लिए प्रेरणास्रोत होता है। इस दौरान देवायुष सिंह शाहपुरा भी मौजूद रहे ।

### राजस्व मंडल में राष्ट्रीय लोक अदालत कल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्व मंडल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर शनिवार को किया जायेगा। लोक अदालत के तहत आपसी समझाइश योग्य राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर राजस्व मंडल स्तर पर बैंच का गठन किया गया है। अतिरिक्त निबंधक (न्याय) हेमन्त स्वरूप माथुर ने बताया कि लोक अदालत के लिए राजस्व मण्डल स्तर से राजेश कुमार दड़िया (न्यायिक अधिकारी) व सदस्य डॉ. महेन्द्र लोढ़ा की बैंच का गठन किया गया है। राजस्व मण्डल अजमेर में शनिवार को प्रातः 10:30 बजे दीप प्रज्वलन कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया जायेगा। लोक अदालत बैंच द्वारा पक्षकारों के मध्य आम सहमति व समझाइश के आधार पर अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण की कार्रवाई की जायेगी ।

# आबकारी एमनेस्टी योजना- 2025 राजस्व बकाया प्रकरणों पर ब्याज एवं पेनल्टी की शत-प्रतिशत माफी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

आबकारी विभाग के राजस्व बकाया के पुराने प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए चल रही आबकारी एमनेस्टी योजना 2025 के तहत बकायादारों को मूल बकाया राशि जमा करवाने पर शत प्रतिशत ब्याज एवं पेनल्टी राशि माफी का लाभ दिया जा रहा है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने बताया कि आबकारी विभाग के बकायादारों के लिए आबकारी एमनेस्टी योजना- 2025 पुरानी बकाया को जमा करवाने का सुगम अवसर है। इस योजना का लाभ 30 सितम्बर 2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। उक्त योजना उन समस्त आबकारी राजस्व बकाया प्रकरणों पर लागू होगी जिसमें राजस्व बकाया 31 मार्च 2022 या उससे पूर्व की है। इस योजना में वे प्रकरण भी सम्मिलित होंगे जिसमें मांग सृजन के आदेश एक अप्रेल 2022 अथवा उसके पश्चात् जारी किए गए है परन्तु मांग 31 मार्च 2022 की अवधि से संबंधित है। आबकारी आयुक्त के अनुसार आबकारी एमनेस्टी योजना- 2025 के तहत 31 मार्च 2020 तक के आबकारी राजस्व बकाया के प्रकरणों योजना की अंतिम तिथि तक मूल बकाया राशि जमा करवाने पर शत प्रतिशत ब्याज एवं पेनल्टी माफी का लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में एक अप्रेल 2020 से 31 मार्च 2022 तक के आबकारी राजस्व बकाया प्रकरणों में मूल बकाया राशि जमा करवाने पर शत प्रतिशत पेनल्टी एवं 50 प्रतिशत देय ब्याज की छूट का लाभ प्रदान किया जा रहा है। यह योजना 30 सितम्बर 2025 तक प्रभावी है। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि आबकारी एमनेस्टी योजना- 2025 का लाभ लेकर पुरानी बकाया राशि का भुगतान कर अनावश्यक सम्पत्तियों की नीलामी, कुर्की, वादकरण से बचा जा सकता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं बकाया प्रकरणों के निपटारे के लिए संबंधित अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी निरीक्षक से सम्पर्क किया जा सकता है।

## आमजन में लोकप्रिय हो रहे मिलेट आउटलेट्स, सहकारी समितियों की बढ़ रही आय

# मिलेट आउटलेट्स खोलने की दिशा में सहकारिता विभाग की अहम उपलब्धि, निर्धारित लक्ष्य की तुलना में खोले जा चुके 4 गुना से अधिक आउटलेट्स

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




राज्य में सहकारी संस्थाओं द्वारा मिलेट आउटलेट्स खोलने की दिशा में सहकारिता विभाग अहम उपलब्धियां हासिल कर रहा है। राज्य में अब तक 152 मिलेट आउटलेट्स खोले जा चुके हैं जो निर्धारित लक्ष्य की तुलना में लगभग साढ़े चार गुना अधिक हैं। ग्राम सेवा सहकारी समिति स्तर तक खोले जा रहे ये मिलेट आउटलेट्स आमजन के बीच खास लोकप्रिय हो रहे हैं और बड़ी संख्या में लोग अन्न को अपना रहे हैं। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बताया कि सितम्बर माह के अंत तक कॉनफेड एवं जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के माध्यम से 34 मिलेट आउटलेट्स खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन सहकारी समितियों की दिलचस्पी और आमजन के रूझान के चलते आदिनांक तक ही 152 मिलेट आउटलेट्स खोले जा चुके हैं। कॉनफेड और जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के साथ ही क्रय-विक्रय सहकारी समितियों एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों के स्तर पर तेजी से मिलेट आउटलेट्स खोले जा रहे हैं। राजपाल ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा की अनुपालना में अन्न उत्पादों की आमजन तक पहुंच बढ़ाने, प्रचलन में लाने तथा सहकारिता एवं राजीविका के स्वयं सहायता समूहों के मिलेट उत्पादों की बिक्री से रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए राज्य भर में ये मिलेट आउटलेट्स खोले जा रहे हैं। विगत 17 जुलाई को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा सहकार एवं रोजगार उत्सव के दौरान 64 मिलेट आउटलेट्स का शुभारम्भ किया गया था। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि इन आउटलेट्स पर आमजन को अन्न तथा अन्न से बने उत्पाद उचित दामों पर उपलब्ध हो रहे हैं। सहकारी संस्थाओं के साथ-साथ राजीविका की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित मिलेट्स उत्पादों को भी इन मिलेट विक्रय केन्द्रों पर बिक्री हेतु रखा जा रहा है। मिलेट आउटलेट्स पर उपलब्ध उत्पादों में सावां, कुटकी, कोदो, कांगनी और छोटी कांगनी के साथ ही मिलेट मिक्स, रोस्टेड ज्वार, रोस्टेड बाजरा, रागी के बिस्किट, ओट्स बिस्किट, कुकीज, अन्न का दलिया, रागी के फ्लेक्स, सावां के रोस्टेड फ्लेक्स आदि प्रमुख है। उन्होंने बताया कि 'सहकार से समृद्धि' परिकल्पना के अंतर्गत राज्य का यह नवाचार निरन्तर सफलता की ओर अग्रसर है और इससे सहकारी समितियों की आय में वृद्धि हो रही है। कॉनफेड के मैनेजर (मार्केटिंग) हनुमान अग्रवाल ने बताया कि नेहरू सहकार भवन स्थित कॉनफेड स्टोर में संचालित मिलेट आउटलेट में विगत दिनों में बिक्री में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। यहां प्रतिमाह लगभग 1.50 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री हो रही है। स्टोर पर अन्न उत्पाद बिक्री के लिए रखे जाने के बाद से खरीददारों की आवाजाही बढ़ी है। उन्होंने बताया कि अन्न से बने उत्पाद यथा- मिलेट्स बिस्किट, मिलेट्स की रोस्टेड नमकीन, मिलेट्स से बने नूडल्स और पोहा आदि की विशेष मांग है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग अन्न के उत्पादों को अपनी थाली में शामिल कर रहे हैं। गंगानगर सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार लि. के सुपर बाजार प्रभारी अभितेष मिगलानी ने बताया कि मिलेट आउटलेट की शुरूआत से ही लोगों का अन्न उत्पादों के प्रति अच्छा रूझाने देखने को मिल रहा है ।और उत्पादों की बिक्री में निरन्तर वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एक आउटलेट से औसतन 10 हजार रुपये प्रतिमाह की बिक्री हो रही है। विशेष रूप से रोस्टेड उत्पाद जैसे रोस्टेड ज्वार, रोस्टेड बाजरा, रोस्टेड रागी आदि पसंद किए जा रहे हैं। साथ ही, कुकीज और मल्टी ग्रेन आटे की भी अच्छी डिमांड है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में लोगों की डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट्स बढ़ाए जाएंगे। अलवर जिले की रामगढ़ आदर्श ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक अंशुल चौधरी ने बताया कि समिति द्वारा लगभग दो माह पूर्व मिलेट आउटलेट्स की शुरूआत की गई थी और अब तक लगभग 30 हजार रुपये के उत्पादों की बिक्री हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पहले लोगों को अन्न के उत्पाद खरीदने अलवर जाना पड़ता था, लेकिन अब समिति के आउटलेट पर ही उपलब्ध हो रहे हैं। सहकारिता से जुड़े होने के कारण लोग इन उत्पादों की शुद्धता पर भी विश्वास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति कार्यालय में जो भी लोग आते हैं, उन्हें इन उत्पादों के फायदों के बारे में जानकारी दी जाती है, जिससे वे अन्न अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं। नवाचार के रूप में अन्न आउटलेट की शुरूआत होने से समिति की आय में भी वृद्धि हो रही है। कुम्हेर क्रय-विक्रय सहकारी समिति के कर्मचारी नाहर सिंह ने बताया कि पिछले महीने ही समिति द्वारा मिलेट आउटलेट प्रारम्भ किया गया है।

# भारत ने रोम में चौथे तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लिया, 2027 में अगले संस्करण की मेजबानी के लिए बोली लगाई




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने इटली के रोम में 11-12 सितंबर, 2025 को आयोजित चौथे तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन (सीजीजीएस) में, वैश्विक समुद्री शासन को मजबूत करने और अधिक सुरक्षित स्वच्छ समुद्रों के को आकार देने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। आईसीजी के महानिदेशक परमेश शिवमणि के नेतृत्व में दो सदस्यीय भारतीय आईसीजी प्रतिनिधिमंडल ने %गार्जियंस अगेंस्ट द ब्लेज़- आईसीजी टैक्टिकल रिस्पांस टू फायर इमर्जेंसीज़% शीर्षक से एक व्याख्यान दिया, जिसमें समुद्री सुरक्षा को आगे बढ़ाने में भारत की विशेषज्ञता और रचनात्मक भूमिका को दर्शाया गया। आईसीजी ने वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले पांचवें सीजीजीएस की अध्यक्षता के लिए बोली लगाने की इच्छा जताई है। इस शिखर सम्मेलन में 115 देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता इटली और जापान ने की और वैश्विक महासागरीय पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सामूहिक दृष्टिकोण पर ज़ोर दिया। इस आयोजन ने समुद्री सुरक्षा, समुद्री पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण की घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं, समुद्री दुर्घटनाओं और समुद्री सुरक्षा के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया में सर्वोत्तम विधियों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया। शिखर सम्मेलन के दौरान उन्नत तकनीकों, क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अपराधों से निपटने और समुद्री सुरक्षा के साझा लोकाचार के तहत अंतर-क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा की गई। जापान तटरक्षक बल और निप्पॉन फ़ाउंडेशन द्वारा वर्ष 2017 में पहली बार आयोजित, तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन संवाद और विश्वास-निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र के रूप में विकसित हुआ है। इस शिखर सम्मेलन के चौथे संस्करण में इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी और जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने वर्चुअल माध्यम से समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया, खोज और बचाव तथा समुद्री कानून प्रवर्तन में तटरक्षक बल के सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )

CMYk